24/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे को हास्यास्पद बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है, इसलिए नहीं कि कोई अन्य देश कहता है कि यह भारत का हिस्सा है। सिंगापुर में इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज में एक कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत इस मामले पर स्पष्ट और सुसंगत रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और चीन ने पहले भी इस पर दावे किये हैं और अपने दावों का दायरा बढ़ाया है। भारत और चीन के उदय पर विदेश मंत्री ने कहा कि चुनौती दो उभरती शक्तियों के बीच एक स्थायी संतुलन स्थापित करने की है, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका इतिहास और आबादी उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है।

0000000000000000000000

नेशनलिस्ट पीपुल्स पार्टी, एनपीपी की राज्य इकाई ने गत शनिवार को आगामी 19 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की। उम्मीदवारों की सूची में तीन मौजूदा विधायक, एक पूर्व मंत्री और तीन पूर्व विधायक शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष थांगवांग वांगाम लोंगडिंग-पुमाओ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मंत्री जापू देरू बोमडिला निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पूर्व विधायक तानी लोफ़ा और दिक्तो येकार क्रमशः सेप्पा वेस्ट और दापोरिजो निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

अन्य महत्वपूर्ण उम्मीदवारों में मौजूदा विधायक कारिखो क्रि शामिल हैं, जो तेजू निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगे, और मौजूदा एनपीपी विधायक गोकार बासार, बासार से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। कलाक्तांग निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा भाजपा विधायक दोरजी वांग्दी कार्मा को टिकट नहीं दिया गया, लेकिन वे एनपीपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने सभी विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है, जबकि कांग्रेस ने अब तक 34 उम्मीदवारों की घोषणा की है, एनसीपी ने 17 और क्षेत्रीय पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल पीपीए ने दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। 0000000000000000000000

19 फरवरी को चांगलांग पुलिस को असम के तिनसुकिया जिले के लेडो निवासी सिबू प्रधान से एक लिखित एफआईआर मिलने के बाद चांगलांग पुलिस ने नामपोंग सर्कल के अंतर्गत लोंगवी के आसपास से 3 अपहृत व्यक्ति को ढूंड निकाला। एफ आई आर के अनुसार 18 फरवरी को लगभग एक बजकर तीस मिनट पर हथियारों और गोला-बारूद से लैस कुछ अज्ञात बदमाशों ने सिबू प्रधान के दो श्रमिकों, लेखाक बोरा और चंदन नारज़री का अपहरण कर लिया गया था। जांच के दौरान, यह पाया गया कि दो व्यक्तियों के अलावा, दोनों के साथ ज्ञान थापा नामक एक और व्यक्ति का भी अपहरण किया गया। अपहरण के 34 दिनों के बाद गत 22 मार्च 2024 को एक सूत्र से जानकारी मिली कि तीनों अपहृत व्यक्तियों को नामपोंग सर्कल के अंतर्गत लोंगवी में कहीं छोड़ दिया गया है। इसके बाद 15 घंटे से अधिक की तलाश के बाद तीनों अपहृत व्यक्ति जंगल क्षेत्र में पाए गए।

0000000000000000000000

तीन चोरों की कथित गिरफ्तारी से संबंधित मामले में आगे की जांच के बाद, नाहरलागुन पुलिस ने उनके कब्जे से चार लैपटॉप, आठ एलपीजी सिलेंडर, 16 स्थानीय गहने और लाखों रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। इससे पहले पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 10 एलपीजी सिलेंडर, लाखों रुपये के सोने और चांदी के आभूषण, एक लैपटॉप, एक मोबाइल हैंडसेट और एक टीवी बरामद किया था।

0000000000000000000000

देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज ईटानगर ने डीजी एनसीसी द्वारा "एनसीसी गतिविधियों के लिए अरुणाचल प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ कॉलेज" घोषित किए जाने की अपनी हालिया उपलब्धि की याद में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों के लिए एक कैरियर परामर्श सत्र के साथ एक सम्मानित ध्वज अनावरण समारोह को जोड़ा गया। इस कार्यक्रम में देरा नातुंग गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एम.क्यू. खान और एनसीसी 1 एपीबीएन नाहरलागुन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोशन वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही । अपने संबोधन में डॉ. खान ने नौकरी के अवसर सुरक्षित करने के लिए अंग्रेजी में प्रभावी संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेटों को "इंग्लिश फॉर कम्युनिकेशन" नामक अपनी पुस्तक भी उपहार वितरित किए।

0000000000000000000000

आगामी चुनाव के लिए सूक्ष्म पर्यवेक्षकों यानि micro-observers के लिए एक व्यापक ब्रीफिंग सत्र शनिवार को जेडपीसी हॉल, यूपिया में आयोजित किया गया।

सत्र को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक की पीडी-सह-नोडल अधिकारी श्रीमती बेंगिया याकार ने सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की भूमिका के बारे में बताया और मतदान के दिन सामान्य पर्यवेक्षक को समय पर रिपोर्ट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि “चुनावों की अखंडता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सूक्ष्म पर्यवेक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने माइक्रो-ऑब्जर्वरों से मतदान केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया का निरीक्षण करने और चुनाव आचार संहिता के किसी भी अनियमितता या उल्लंघन की रिपोर्ट करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. दाना उन्ना ने महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों और प्रमुख मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग जैसी उन्नत तकनीक के कार्यान्वयन पर चर्चा की। इसके अलावा, चुनाव के पहले चरण में भाग लेने वाले राज्यों के सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को डाक मतपत्र सुविधाओं का उपयोग करने की याद दिलाई गई।

0000000000000000000000